समाचार

# प्राकृतिक निकेतन योगाश्रम सेवा समिति के कार्य सराहनीय–महापौर

## (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया ओपन योगा डांस प्रतियोगिता का शुभारंभ)



कोरबा 22 जून 2019 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा है कि प्राकृतिक निकेतन योगाश्रम सेवा समिति ने ओपन योगा डांस प्रतियोगिता का आयोजन कर योगा डांस के प्रतिभागी बच्चों को उनकी प्रतिभा दिखाने के लिए एक बेहतर मंच प्रदान किया है, समिति का यह कार्य सराहनीय है, मैं आयोजकों को बधाई व शुभकामनाएं देती हूॅ, प्रतिभागी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करती हूॅ।

प्राकृतिक निकेतन योगाश्रम सेवा समिति कोरबा द्वारा पुराना बस स्टैण्ड कोरबा स्थित गीतांजलि भवन सभागार में योगा ओपन डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, आयोजन की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। उन्होने भगवान धनवंतरी के तैलचित्र पर पुष्पमाला का अर्पण पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ कराया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्थानों से आए ग्रुप योगा डांस के 12 ग्रुप के बच्चों ने तथा एकल डांस के 50 प्रतिभागी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने एवं उपस्थित अतिथियों व नागरिकों ने इन प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य का आनंद उठाया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आयोजन समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी। आयोजन समिति द्वारा महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल को स्मृतिचिन्ह प्रदान किए गए तथा उनका हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री संगीता सक्सेना, आयोजक मण्डल के प्रमुख आलोक डग व दुर्गेश राठौर, प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, रणधीर पाण्डेय, पापिया चतुर्वेदी, सुमित विश्वास, प्यारेलाल चौधरी के साथ–साथ समिति के अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण, बच्चों के अभिभावकगण एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।